पतिस्मा दिया है परन्तु थोड़े दिनों के **बाद तुम पवित्र आत्मा से पतिस्मा पाओगे"** प्रेरितों १:४-५ । यीशु ने कहा कि "और विश्वास रने वालों में चिन्ह होंगे······वे नई-नई भाषाएँ बोलेंगे," रकुस १६:१७ ।

पिन्तेकुस्त के दिन १२० चेले "सब **पवित्र आत्मा से भर गये,** और जिस प्रकार आत्मा ने उन्हें बोलने की सामर्थ दी, वे **अन्य अन्य भाषा बोलने लगे,"** प्रेरितों २:४ । पतरस ने कहा, "क्योंकि यह तिज्ञा तुम और तुम्हारी संतानों, और उन सब दूर के लोगों के लिये भी है जिनको प्रभु हमारा परमेश्वर अपने पास बुलायेगा" प्रेरितों २:३९ । यह सत्य स्थापित होता है कि **पवित्र आत्मा का बपतिस्मा** जो अन्य अन्य भाषाओं के बोलने से प्रमाणित होता है उद्धार के लिए अति आवश्यक है। परन्तु यह पानी के बपतिस्मे को हटा नहीं सकता क्योंकि वह उससे मिलकर सहमति से कार्य करता है । एक बार जब सत्य स्थापित हो जाता है तो उसका विनाश नहीं किया जा सकता ।

किसी उलझना के टुकड़ों के समान ही हम सत्य के वचन को काम में ला सकते हैं अर्थात् पवित्र शास्त्र के वचनों का परस्पर संबंध जुड़ाकर सच्चे बायबल उद्धार के एक सुंदर चित्र का निर्माण कर सकते हैं । वे विश्वासी जिन्होंने पूछा "हम क्या करें" उनको उत्तर देने में पतरस ने सब (सत्य) इकठ्ठा करके कहा **"मन फिराओ** और तुम में से हर एक अपने-अपने पापों की क्षमा के लिये यीशु मसीह के नाम से **बपतिस्मा** ले; तो तुम **पवित्र आत्मा का दान पाओगे"** प्रेरितों २:३७-३८ ।

## सत्य का अनुभव

प्रारम्भ में जब पवित्र आत्मा भरपूरी से उण्डेला गया तथा पिन्तेकुस्त के दिन की पतरस की सेवकाई के बाद पवित्र शास्त्र कहता है, "सो जिन्होंने उसका वचन ग्रहण किया उन्होंने **बपतिस्मा लिया,** और उसी दिन तीन हजार मनुष्यों के लगभग उनमें (१२० चेलों में) मिल गये," प्रेरितों २:४१ ।

जब फिलिप्पुस सामरिया को गया और परमेश्वर के राज्य का समाचार सुनाया एवं यीशु के नाम के विषय में बतलाया, **लोगों ने विश्वास किया** और प्रभु यीशु के नाम से **बपतिस्मा लिया,** और जब पतरस और यूहन्ना वहां गये तब **लोगों को पवित्र आत्मा का दान मिला,** प्रेरितों ८:१२-१७ ।

पतरस प्रेरित ने कैसरिया के अन्य जातियों को यीशु मसीह पर विश्वास करने हेतु एवं उसके नाम द्वारा प्रदत्त पापों की क्षमा का प्रचार किया और **पवित्र आत्मा उन लोगों पर उतरा** जो कि वचन सुन रहे थे । अब यहूदी लोग आश्चर्य कर रहे थे कि अन्य जातियों पर भी पवित्र आत्मा उंडेला गया, **क्योंकि उन्होंने** (यहूदियों ने) **अन्य जातियों को अन्य भाषा में बातें करते सुना,** "तब पतरस ने पूछा कि क्या कोई जल की रोक कर सकता है कि ये बपतिस्मा न पायें जिन्होंने हमारी नाईं पवित्र आत्मा पाया है ? और उसने **आज्ञा दी कि उन्हें यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा दिया जाए,"** प्रेरितों १०:४३-४८ ।

इफिसुस में पौलुस ने यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के कुछ चेलों से पूछा, "क्या **तुमने विश्वास करते समय** पवित्र आत्मा पाया" ? उन्होंने उत्तर दिया, "कि हमने पवित्र आत्मा का नाम भी नहीं सुना" । ये सब पानी का बपतिस्मा पाये हुए विश्वासी लोग थे और उन्होंने पवित्र आत्मा का बपतिस्मा नहीं पाया था, परंतु जब उन्होंने पौलुस का प्रचार सुना तब उनको **फिर से बपतिस्मा, प्रभु यीशु के नाम का बपतिस्मा दिया गया,** "और जब पौलुस ने उन पर हाथ रखे तब **पवित्र आत्मा उन पर उतर आया और वे लोग अन्य भाषा बोलने लगे"** प्रेरितों १९:१-६ ।

पौलुस ने अन्त में कहा है, "तो उसने हमारा उद्धार किया; और यह धर्म के कामों के कारण नहीं; जो हमने आप किए, पर अपनी दया के अनुसार, नए जन्म के स्नान, और पवित्र आत्मा के हमें नया बनाने के द्वारा हुआ; जिसे उसने हमारे उद्धारकर्त्ता यीशु मसीह के द्वारा हम पर अधिकाई से उंडेला" तीतुस ३:५-६ ।

यह सच्चाई क्या ही सुन्दर है, मन फिराव विश्वास पर बनता है, पानी का बपतिस्मा मन फिराव पर बनता है तथा पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पानी के बपतिस्मे पर बनता है । हर एक-एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं और वे सब एक दूसरे से सहमत होकर कार्य करते हैं ताकि विश्वासियों के हृदय में उद्धार उत्पन्न करें । पवित्र शास्त्र प्रगट करता है, "कि तीन हैं जो इस पृथ्वी पर गवाही देते हैं, **आत्मा,** और **पानी** तथा **लहू** और ये तीनों आपस में **सम्मत हैं"** १ यूहन्ना ५:८ ।

यदि आपको सत्य को जानना है तो मैं यह निवेदन करूंगा कि आप अपने हृदय को खोलें और परमेश्वर ने वह सब कुछ जो अपने वचन में रखा है प्राप्त करें; आप क्यों थोड़ा कुछ पाकर संतुष्ट हो जाना चाहते हैं जबकि आपको सम्पूर्ण बाइबल-उद्धार का अनुभव प्राप्त हो सकता है ? "तुम सत्य को जानोगे और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा" यूहन्ना ८:३२ ।

सत्य सुनने के लिये आप यहाँ आमंत्रित हैं ।

Apostolische Pfingstgemeinde Mannheim
Friedelsheimerstr. 18-20
D - 68199 Mannheim (Neckarau) /Germany
Pastor Raymond Wey
Assistent Pastor Sascha Wey
www.jesus-is-god.de, www.v-p-m.de

# सत्य क्या है

# ?

**आपको सत्य जानने का अधिकार है ।**